**NEWS CLIPPING:20.12.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

# Students should focus on their skills development: DC Vikram Singh

Param Vashisht
info@impressivetimes.com



FARIDABAD: The Department of Communication and Media Technology of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, in collaboration with the Employment and Placement Office today organized 'Media-Tech', a portfolio exhibition to showcase the work of media students. The aim of the exhibition was to attract recruiters for internship and placement opportunities for students. The exhibition was inaugurated by Faridabad Deputy Commissioner Sh. Vikram Kumar and Vice-Chancellor Prof. S.K. Tomar by lighting the lamp. Dean (Institution) Prof. Sandeep Grover, Dean of Liberal Arts and Media Technology Prof. Atul Mishra, Chairperson of the Department Dr. Pawan Singh Malik, and Training and Placement Officer Prof. Sanjeev Kumar were also present on this occasion. The Director of Nirman Advertising Sh. A.S. Narang and Chief Marketing Officer of Yugasa Software Labs Sh. Manish Pradhan were invited expert to evaluate the professional work presented by students in the exhibition. The exhibition was also visited by media persons from reputed media houses and entrepreneurs. Addressing the Program, Vice-Chancellor Prof. Tomar welcomed the guests and congratulated the Department for conducting such a fantastic event. He said that the portfolio exhibition of students is a commendable initiative by the Department, through which a platform has been provided to the students to showcase their talent. Such events increase self-confidence in the students.

**HIGHLIGHT**
**DC Sh. Vikram Kumar appreciated the creative work of the students and the initiative of the Department. He said that to become successful in the media field, the students should focus on skills development and he is glad to know that the students**

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:20.12.2022**

# PIONEER

# 'मीडिया-टेक' प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतरीन मंच : उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के रोजगार प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मीडिया के विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए पोर्टफोलियो प्रदर्शनी 'मीडिया-टेक' का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप एवं रोजगार के अवसरों को सुगम बनाने के लिए नियोक्ताओं को आकर्षित करना था।

प्रदर्शनी का उद्‌घाटन फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम कुमार और कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीन (संस्था) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया टेक्नोलॉजी प्रो. अतुल मिश्रा, विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. संजीव कुमार भी उपस्थित थे। आमंत्रित विशेषज्ञों में निर्माण



जेसीबोस विश्व विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीसी विक्रम सिंह।

एडवरटाइजिंग के निदेशक एएस नारंग तथा युगासा सॉफ्टवेयर लैब्स के मुख्य विपणन अधिकारी मनीष प्रधान ने प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यों का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों से मीडिया कर्मियों तथा मीडिया उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने भी प्रदर्शनी का दौरा किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने अतिथियों का स्वागत किया और इस तरह के आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की पोर्टफोलियो प्रदर्शनी विभाग की एक सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्राप्त हुआ है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त विक्रम कुमार ने छात्रों के रचनात्मक कार्य और विभाग की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि मीडिया क्षेत्र में सफल होने के लिए विद्यार्थियों को कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह प्रशंसनीय है कि विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक सफल मीडिया उद्यमी बनने के लिए जरूरी है कि अपने आसपास की समझ को बढ़ाये। हमेशा कुछ नया सीखने का प्रयास करें। इस तरह की प्रदर्शनी छात्रों को ना केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर देती है बल्कि उनके आत्म विश्वास को भी बढ़ाती है। उन्होंने शिक्षण संस्थान के लिए पूर्व छात्रों के महत्व और उनकी भूमिका पर भी बल दिया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक विक्रम ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विभाग के न्यूजलेटर 'संचार' के नये अंक का भी विमोचन किया गया। उपायुक्त विक्रम ने विवि के स्टूडियो का भी दौरा किया। पोर्टफोलियो प्रदर्शनी में एनिमेशन और मल्टीमीडिया, और पत्रकारिता और जनसंचार में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों को प्रदर्शित किया गया था।

**NEWS CLIPPING:20.12.2022**

# AAJ SAMAJ

## मीडिया-टेक पोर्टफोलियो प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# 'मीडिया-टेक' प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतरीन मंचः डीसी विक्रम कुमार

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के रोजगार प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मीडिया के विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए पोर्टफोलियो प्रदर्शनी मीडिया-टेक का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप एवं रोजगार के अवसरों को सुगम बनाने के लिए नियोक्ताओं को आकर्षित करना था। प्रदर्शनी का उद्घाटन फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम कुमार और कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीन (संस्था) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया टेक्नोलॉजी प्रो. अतुल मिश्रा, विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. संजीव कुमार भी उपस्थित थे। आमंत्रित विशेषज्ञों में निर्माण एडवरटाइजिंग के निदेशक एएस नारंग तथा युगासा सॉफ्टवेयर लैब्स के मुख्य विपणन अधिकारी मनीष प्रधान ने प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यों का मूल्यांकन किया।



प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त विक्रम व कुलपति प्रो. एसके तोमर।

इस अवसर पर प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों से मीडिया कर्मियों तथा मीडिया उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने भी प्रदर्शनी का दौरा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने अतिथियों का स्वागत किया और इस तरह के आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की पोर्टफोलियो प्रदर्शनी विभाग की एक सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्राप्त हुआ है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त विक्रम कुमार ने छात्रों के रचनात्मक कार्य और विभाग की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि मीडिया क्षेत्र में सफल होने के लिए विद्यार्थियों को कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह प्रशंसनीय है कि विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक सफल मीडिया उद्यमी बनने के लिए जरूरी है कि अपने आसपास की समझ को बढ़ाये। हमेशा कुछ नया सीखने का प्रयास करें। इस तरह की प्रदर्शनी छात्रों को ना केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर देती है बल्कि उनके आत्म विश्वास को भी बढ़ाती है। उन्होंने शिक्षण संस्थान के लिए पूर्व छात्रों के महत्व और उनकी भूमिका पर भी बल दिया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक विक्रम ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विभाग के न्यूजलेटर संचार के नये अंक का भी विमोचन किया गया। उपायुक्त विक्रम ने विश्वविद्यालय के स्टूडियो का भी दौरा किया। पोर्टफोलियो प्रदर्शनी में एनिमेशन और मल्टीमीडिया, और पत्रकारिता और जनसंचार में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों को प्रदर्शित किया गया था, जिसमें फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, समाचार लेखन और प्रेस विज्ञप्ति, स्व-निर्मित समाचार बुलेटिन, एनीमेशन, ग्राफिक्स, डॉक्यूमेंट्री और फिल्में शामिल रही। इसी प्रकार, एनिमेशन के छात्रों ने 2डी और 3डी एनिमेशन, वीएफएक्स और मोशन ग्राफिक्स में भी अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की हस्त चित्रकारी आभूषण और डिजिटल आर्ट प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहे।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सोशल मीडिया और ब्रांड डेवलेपमेंट के लिए बनाये एनीमेशन और ग्राफिक्स की रचनात्मक सामग्री को भी प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों में प्रदर्शनी का अवलोकन करने वाले आगंतुकों को अपने काम की जानकारी भी दी। प्रदर्शनी में राजकीय मॉडल स्कूल पृथला, बालाजी स्कूल बल्लभगढ़ और संस्कृति मॉडल स्कूल सेक्टर-55 फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

**NEWS CLIPPING:20.12.2022**

# REPCO NEWS

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य जागरुकता सत्र का आयोजन



**रोहतक, 14 दिसम्बर (रैपको न्यूज़)** स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता लाने करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के चिकित्सा केन्द्र द्वारा फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, फरीदाबाद के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता और प्राथमिक चिकित्सा और बुनियादी जीवन समर्थन प्रशिक्षण पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिसका विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों के लाभ उठाया। सत्र की अध्यक्षता डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर ने की तथा सत्र का संचालन विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा द्वारा किया गया।

सत्र के दौरान लेप्रोस्कोपिक और बेरियाट्रिक सर्जन डॉ बी.डी. पाठक ने मोटापे से होने वाली बीमारियों तथा इसके उपचार और रोकथाम पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर मोटापे से बचा जा सकता है।

प्रिंसिपल कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. कमल गुप्ता ने जीवनशैली प्रबंधन में बदलाव और मानव शरीर पर इसके प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने स्वस्थ जीवन जीने के लिए पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम पर बल दिया। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के लिए उपयोगी टिप्स भी दिए। जनरल फिजिशियन डॉ. सुप्रदीप घोष द्वारा प्राथमिक चिकित्सा और बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण पर सत्र का संचालन किया।

उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा और बीएलएस पर विद्यार्थियों की जागरूकता का मूल्यांकन भी किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अंकुर शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**NEWS CLIPPING:20.12.2022**

## HINDUSTAN

# पोर्टफोलियो प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रतिभा दिखाई

**फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से मीडिया के छात्रों के लिए के लिए पोर्टफोलियो प्रदर्शनी 'मीडिया-टेक' का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला उपायुक्त विक्रम कुमार और कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर डीन (संस्था) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया टेक्नोलॉजी प्रो. अतुल मिश्रा, विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. संजीव कुमार भी उपस्थित रहे। आमंत्रित विशेषज्ञों में निर्माण एडवरटाइजिंग के निदेशक श्री एएस नारंग और युगासा सॉफ्टवेयर लैब्स के मुख्य विपणन अधिकारी मनीष प्रधान ने प्रदर्शनी में प्रस्तुत कार्यों का मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि छात्रों की पोर्टफोलियो प्रदर्शनी विभाग की एक सराहनीय पहल है। इसके माध्यम से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच मिला हुआ है। उपायुक्त ने छात्रों को मीडिया क्षेत्र में सफल होने के लिए कौशल विकास पर ध्यान देने की बात कही।